**खबर संक्षेप**

## विंध्य गौरव पं. शम्भूनाथ शुक्ल की 122वीं जयंती



**शहडोल।** विंध्य प्रदेश के निर्माता और प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित शम्भूनाथ शुक्ल की 122वीं जयंती के अवसर पर आज समूचे जिले ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नागरिक समिति और प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके महान व्यक्तित्व का पुण्य स्मरण किया।

**विकास के प्रणेता को नमन**
जयंती समारोह के दौरान कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती अमृता गर्ग ने पंडित शुक्ल की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें नमन किया। उपस्थित वक्ताओं ने पं. शुक्ल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनसेवा और विकास के प्रति उनका समर्पण आज की पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है। देश और प्रदेश के हित में उनके द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता।

**नागरिक समिति और परिजनों ने दी श्रद्धांजलि-** इस गरिमामय अवसर पर पंडित शुक्ल के परिजनों के साथ-साथ नागरिक समिति के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय सहित पत्रकारों और समाजसेवियों ने भी अपनी श्रद्धा व्यक्त की। सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि पंडित शुक्ल के बताए गए जनसेवा के मार्ग पर चलकर जिले और प्रदेश की उन्नति में भागीदारी निभाएंगे।

## भक्तिमय माहौल में मनाया गया पेंशनर डे



**शहडोल।** जिले में पेंशनर दिवस का आयोजन वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद भारी संख्या में पेंशनर्स ने एकत्रित होकर इस विशेष दिन को उत्सव के रूप में मनाया। संगीत की लय पर गूंजा सुंदरकांड एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष आर.एल. तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ के मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने हारमोनियम, ढोल और मजीरे की थाप पर भक्तिमय प्रस्तुति दी, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।एक-दूसरे का मुंह मीठा कर मनाया जश्न पाठ के समापन के बाद सभी सदस्यों ने एक-दूसरे के गले मिलकर पेंशनर दिवस की शुभकामनाएं साझा कीं। इस अवसर पर मिठाई और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामनरेश तिवारी, दयाशंकर शुक्ला, लोकेंद्र प्रसाद तिवारी, महेश श्रीवास्तव, रमाशंकर गौतम, संजय श्रीवास्तव सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। वरिष्ठ नागरिकों ने इस एकजुटता के माध्यम से समाज को यह संदेश दिया कि सेवा-निवृत्ति के बाद भी ऊर्जा और उत्साह के साथ सामाजिक व आध्यात्मिक जीवन जिया जा सकता है।

## रघुराज स्कूल में सजेगी विकसित भारत की झलक

**शहडोल।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जिले के शासकीय रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 और 20 दिसंबर को दो दिवसीय भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत 2047, वन्दे मातरम् एवं सुशासन विषय पर आधारित यह प्रदर्शनी आम जनता के लिए पूरी तरह निःशुल्क रहेगी।

**सरकारी योजनाओं की मिलेगी जानकारी-** प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प से रूबरू कराना है। यह प्रदर्शनी दोनों दिन प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक खुली रहेगी। केंद्रीय संचार ब्यूरो ने अपील की है कि छात्र और नागरिक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का लाभ उठाएं।

**गीत-संगीत और पुरस्कारों की धूम-** केवल चित्रों तक ही सीमित न रहकर, इस आयोजन में युवाओं को जोडने के लिए विभिन्न रोचक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। प्रदर्शनी के दौरान गीत-नाटक, प्रश्नमंच (क्विज), रंगोली और अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को विभागीय प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विभाग का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से सुशासन और राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला करेंगे आगाज, 30 राज्यों के धुरंधर दिखाएंगे हुनर

# बास्केटबॉल के राष्ट्रीय महाकुंभ के लिए विराट नगरी तैयार










शहडोल।

मध्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं और मेजबानी के जज्बे को नई पहचान देने के लिए शहडोल जिला पूरी तरह सज-धज कर तैयार है। स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय के तत्वावधान में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता 14 वर्ष का भव्य शुभारंभ 19 दिसंबर को प्रातः 11 बजे महात्मा गांधी स्टेडियम में होगा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ला इस खेल महाकुंभ का विधिवत उद्घाटन करेंगे।

### शहडोल में मिनी भारत की झलक

प्रतियोगिता के लिए देश के 30 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 358 खिलाडियों, कोचों और टीम प्रबंधकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। रेलवे स्टेशन पर मेजबानों द्वारा तिलक लगाकर और बैंड-बाजे के साथ खिलाडियों का आत्मीय स्वागत किया गया। अब तक जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों की टीमें शहडोल की धरा पर कदम रख चुकी हैं। स्टेशन से आवास स्थल तक खिलाडियों को पहुंचाने के लिए बसों का विशेष प्रबंध किया गया है, जहां उनकी अगवानी के लिए प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे।

### ठिठुरती ठंड में प्रशासन के पुख्ता इंतजाम

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन ने मेहमानों की सुविधा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। दिसंबर की कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए खिलाडियों के ठहरने के स्थानों पर रूम हीटर, गीजर और पर्याप्त गर्म कपड़ों की व्यवस्था की गई है। महिला और पुरुष खिलाडियों के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए हैं, जहां शुद्ध पेयजल, पौष्टिक नाश्ता और गुणवत्तापूर्ण भोजन की चौबीसों घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। खिलाडियों और प्रबंधकों ने शहडोल प्रशासन की इन व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से सराहना की है।

### चार मैदानों पर छिड़ेगा रोमांचक मुकाबला

अगले पांच दिनों 19 से 23 दिसंबर तक शहडोल की सडक़ों पर खेल का उत्साह नजर आएगा। मुकाबले के लिए चार प्रमुख स्थलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, महात्मा गांधी स्टेडियम मुख्य स्थल, गुड शेफर्ड कॉन्वेंट स्कूल, डाइट परिसर, इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय परिसर इन मैदानों पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त विशेष ऑब्जर्वर की निगरानी में मैच खेले जाएंगे। मैदानों की रंगाई-पुताई, बैनर-पोस्टर, चिकित्सा दल की तैनाती और खिलाडियों के परिवहन के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है।

### खेल के साथ संस्कृति का अनूठा संगम

यह आयोजन केवल खेल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की अखंडता और सांस्कृतिक एकता का केंद्र भी बनेगा। प्रत्येक दिन शाम 06:30 बजे से 07:30 बजे तक स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ी अपनी थकान मिटाकर भारतीय संस्कृति के विभिन्न रंगों से परिचित हो सकेंगे।

### दिग्गजों की मौजूदगी और जनभागीदारी

शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक जयसिंह मरावी, श्रीमती मनीषा सिंह, शरद कोल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। विराट नगर के लिए यह गौरव का क्षण है कि राष्ट्रीय स्तर की 30 टीमें यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। जिला प्रशासन ने पार्किंग, सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद प्रबंध किए हैं ताकि दर्शकों और खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अब सभी की निगाहें 19 दिसंबर के उस पल पर हैं, जब बास्केटबॉल कोर्ट पर देश के भावी सितारों के बीच संघर्ष शुरू होगा।

# शहडोल में पेड़ से टकराई बेकाबू बाइक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत



शहडोल।

जिले की सडक़ों पर बेलगाम दौड़ रही तेज रफ्तार अब इंसानी जिंदगी के लिए काल साबित हो रही है। ताजा मामला गोहपारू थाना क्षेत्र का है, जहां एक 25 वर्षीय युवक की तेज रफ्तार बाइक सडक़ किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह हादसा जिले की यातायात व्यवस्था और जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### पेड़ से टकराया काल

जानकारी के अनुसार सकेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी सरवारी जयसिंहनगर अपने किसी रिश्तेदार से मिलने दियापिपर आया हुआ था। घर वापसी के दौरान उसकी बाइक एमपी 18 श्व 5035 गोहपारू पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित हो गई और सीधे सडक़ किनारे लगे आम के पेड़ से भिड़ गई। चश्मदीदों के मुताबिक, रफ्तार इतनी तेज थी कि युवक का सिर और शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जब तक लोग उसे अस्पताल ले जाने की सोचते, उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### कागजों पर नियम, सडक़ों पर मौत

जिले में लगातार हो रहे सडक़ हादसे इस बात का प्रमाण हैं कि यातायात विभाग की नियम और समझाइश की मुहिम केवल कागजों और फोटो खिंचवाने तक सीमित है। जमीनी स्तर पर न तो ओवरस्पीडिंग पर लगाम है और न ही हेलमेट की अनिवार्यता का सख्ती से पालन। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम कर लिया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या एक और एफआईआर से सडक़ों पर बहता खून रुक जाएगा?

### मातम में बदली खुशियां

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। एक ह हंसता-खेलता नौजवान लापरवाही और बेकाबू रफ्तार की भेंट चढ़ गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, लेकिन असल जांच उन लापरवाह सिस्टम की होनी चाहिए जो इन मौत की सडक़ों पर निगरानी करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

# महिला को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, जेवर और मोबाइल लूटे

शहडोल।

जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बराछ गांव में मानवता को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपनी ही पड़ोसन को बहाने से घर बुलाकर बंधक बनाया और अपने बच्चों के साथ मिलकर उसके हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि लेडी डॉन के नाम से कुख्यात महिला ने पीड़िता के सोने के जेवर और मोबाइल भी छीन लिए।

### साजिश के तहत घर में बनाया बंधक

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बराछ निवासी किरण तिवारी उम्र 28 वर्ष अपने घर के बाहर टहल रही थी, तभी पड़ोस में रहने वाली ललिता कहार ने उसे किसी बहाने से अपने घर बुलाया। किरण जैसे ही अंदर गई, आरोपी महिला ने दरवाजा बंद कर उसे दबोच लिया। ललिता ने अपने पुत्र और पुत्री के साथ मिलकर किरण के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।



### पुरानी रंजिश और लूट का आरोप

पीड़िता का कहना है कि आरोपी महिला पुरानी पारिवारिक रंजिश को लेकर मन में द्वेष रखती थी। मारपीट के दौरान जब पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर परिजन बचाने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो पीड़िता की हालत देखकर दंग रह गई; किरण के हाथ-पैर बंधे हुए थे और वह दर्द से कराह रही थी।

### वीडियो में कबूला जुर्म

पीड़िता ने आरोप लगाया कि ललिता ने उसके सोने के झुमके और मोबाइल फोन लूट लिए हैं। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद एक वीडियो सामने आया है जिसमें आरोपी महिला सामान वापस करने की बात स्वीकार रही है, लेकिन अब तक न तो जेवर मिले और न ही मोबाइल। गांव में ललिता का खौफ है और वह लेडी डॉन के रूप में जानी जाती है। उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रशासन से मांग है कि पीड़िता को न्याय दिलाते हुए आरोपियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए।

### इनका कहना है...

किरण तिवारी के साथ ललिता कहार एवं अन्य के द्वारा घर में बांधकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**मोहन पड़वार**
**उपनिरीक्षक, ब्यौहारी**

## एसडीएम ने परखा मध्यान्ह भोजन, बच्चों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

# लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

शहडोल।

बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए पोषण युक्त आहार अनिवार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही अक्षम्य होगी। यह सख्त निर्देश अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जयसिंहनगर, सुश्री काजोल सिंह ने जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत बरेली में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के औचक निरीक्षण के दौरान दिए?

### मीनू और गुणवत्ता पर एसडीएम की पैनी नजर

एसडीएम सुश्री काजोल सिंह ने शाला में संचालित मध्यान्ह भोजन व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया? उन्होंने स्व-सहायता समूह के पदाधिकारियों और शिक्षकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भोजन का वितरण निर्धारित मीनू के अनुसार ही किया जाए? निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और मात्रा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि बच्चों को दिए जाने वाले आहार में शुद्धता या पर्याप्त मात्रा की कमी पाई गई, तो संबंधितों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी?



### भोजन का उद्देश्य केवल पेट भरना नहीं

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना का वास्तविक उद्देश्य केवल बच्चों की भूख मिटाना नहीं, बल्कि उन्हें संतुलित और पोषण युक्त आहार प्रदान करना है। इससे न केवल बच्चों की उपस्थिति बढ़ती है, बल्कि उनके सर्वांगीण शारीरिक एवं मानसिक विकास की नींव भी मजबूत होती है। भोजन के साथ-साथ एसडीएम ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं की व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता और रसोईघर की साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर जनपद सीईओ सुधीर दिनकर, एपीओ मनोज मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर के असली नायक हैं स्वच्छता मित्र विधायक ने नई ड्रेस और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

शहडोल।

नगर की स्वच्छता और सुंदरता को बरकरार रखने में दिन-रात एक करने वाले स्वच्छता मित्रों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने नगर पालिका शहडोल के स्वच्छता मित्रों को नवीन ड्रेस एवं सम्मान प्रमाण पत्र वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान विधायक ने स्वच्छता मित्रों के कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए उन्हें नगर का असली नायक बताया।

### कठिन परिस्थितियों में सेवा भाव सराहनीय

विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता मित्र भीषण ठंड, चिलचिलाती धूप या मूसलाधार बारिश की परवाह किए बिना अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। इनके अथक प्रयास से ही शहडोल नगर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बन रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मित्रों का सम्मान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि वे ही बीमारियों से लडऩे में सबसे अगली पंक्ति के योद्धा हैं।



### सुधार और सुरक्षा पर जोर

नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जायसवाल की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नवीन तकनीकों और सुरक्षा उपायों पर भी चर्चा की गई। स्वच्छता टीम को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पार्षद सिल्लू रजक, प्रियम त्रिपाठी, हीरा प्रजापति सहित स्वच्छता निरीक्षक मोतीलाल सिंह, अनिल महोबिया और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वच्छता मित्रों ने सामूहिक रूप से शहडोल नगर को कचरा मुक्त और नंबर वन बनाने का संकल्प लिया।

# सुस्त बैंकर्स पर कलेक्टर का हंटर, सीडी रेशियो सुधारने के लिए लगाएं क्रेडिट कैंप

## ऋण प्रकरणों में देरी पर जताई नाराजगी

शहडोल।

जिले में बैंकिंग सेवाओं की सुस्ती और शासकीय योजनाओं के प्रति बैंक प्रबंधकों के उदासीन रवैये पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय एवं सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्वरोजगार, कृषि और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में लंबित ऋण प्रकरणों को तत्काल निपटाएं, अन्यथा इसे शासन के कार्यों में लापरवाही माना जाएगा।

### लक्ष्य से पीछे बैंक शाखाओं को अल्टीमेटम

कलेक्टर ने बैठक में वित्तीय वर्ष की भौतिक एवं वित्तीय उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन बैंक शाखाओं का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, वे आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ऋण शिविरलगाकर प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिया कि विशेष रूप से उन युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराया जाए, जिन्हें शासन के प्रयासों से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### जमा और साख के बीच बढ़े तालमेलः आरबीआई

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के जिला समन्वयक श्रवण कुमार ने भी बैंक शाखाओं को नसीहत देते हुए कहा कि जिन शाखाओं का सीडी रेशियो जिले के औसत से कम है, उन्हें सक्रियता दिखानी होगी। उन्होंने स्वरोजगार और प्राथमिक क्षेत्र के ऋण प्रकरणों की कम उपलब्धि पर नाराजगी व्यक्त की और शिविरों के माध्यम से समाधान के निर्देश दिए। वहीं, नाबार्ड प्रबंधक शिशिर श्रीवास्तव ने सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की आवश्यकता पर बल दिया।



### इन योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक के दौरान जिले की वार्षिक शाख योजना की प्रगति सहित प्रमुख योजनाओं पर चर्चा की गई, जिनमें शामिल हैं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार और टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना। अटल पेंशन योजना, स्व-सहायता समूहों के बैंक लिंकेज और डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वरोजगार योजना। पशुपालकों एवं मत्स्यपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण।

### डेड खातों पर मिलेगा ब्याज सहित पैसा

अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित चौरसिया ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि भारत सरकार के निर्णय अनुसार, जो बैंक या बीमा खाते 10 वर्षों से अधिक समय से डेड (निष्क्रिय) पड़े हैं, उनके खाताधारक या संस्थाएं क्लेम करके ब्याज सहित राशि वापस प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा शासकीय कार्यालयों के बैंक खातों के लिए भी उपलब्ध रहेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्हें वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी लक्ष्यों को पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### तकनीकी कार्यों के संपादन हेतु उपयंत्रियों को सौंपे दायित्व

**कटनी।** निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1 तथा 2.0 के तकनीकी कार्यो को संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री नोडल अधिकारी के संपूर्ण अधीक्षण व नियंत्रण के अधीन नियमानुसार कार्य संपादन करने हेतु निगम के तीन उपयंत्रियों को वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ नवीन कार्य दायित्वों का आवंटन किया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा जारी आदेशानुसार उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल को वर्तमान प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के ए.एच.पी घटक, द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी के कार्यो एवं 2.0 के ए.एचपी घटक से संबंधित कार्यों के संपादन का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के ए.एच.पी घटक, प्रथम चरण झिंझरी के कार्यों का दायित्व तथा उपयंत्री मोना करेरा को प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0 अंतर्गत बीएलसी घटक के कार्य हेतु दायित्व सौंपे जाकर संबंधितों को शासन, संचालनालय के निर्देशों के अनुरूप सौंपे दायित्वों का तत्काल प्रभाव से निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### 63 हितग्राहियों को 1.26 करोड़ की सहायता राशि

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय भोपाल से संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के जिले के 140 हितग्राहियों के खाते में 2.93 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। जिले के साथ ही उन्होंने नगर निगम कटनी के 63 हितग्राहियों के खाते में 1 करोड़ 26 लाख रूपये का अंतरण किया। कार्यालय कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में हितग्राहियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के संबोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। संबल योजना, प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते है। इसी प्रकार स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 01 लाख रुपये प्रदान किये जाते हैं।

### ई-के.वाय.सी नहीं कराने पर योजनाओं के लाभ से होना पड़ सकता है वंचित

**कटनी।** शासन की योजनाओं से कोई भी पात्र नागरिक वंचित न रहने पाए इस हेतु नगर निगम कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में समग्र पोर्टल पर नागरिकों के समग्र आई.डी से आधार नंबर की ई- के.वाय.सी. कराने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने संबंधित अधिकारियों को मिशन मोड पर शेष बचे नागरिकों की समग्र एवं आधार से लिंकिंग प्रक्रिया भी सुनिश्चित करते हुए शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने शेष बचे नागरिकों से समग्र आई.डी से आधार की ई-के.वाई.सी कराने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसे नागरिक जिनके द्वारा समग्र आई.डी से आधार की ई-के.वाई.सी का कार्य पूर्ण नहीं कराया जा रहा है उनके भविष्य में शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

### प्रदीप त्रिपाठी बने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

**स्लीमनाबाद।** कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रदेश में पार्टी की मजबूती के लिए नए सिरे से कार्यकारिणी गठित की जा रही है जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष बनाये गए है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा स्लीमनाबाद ब्लॉक के लिए कांग्रेस नेता व जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी को दुबारा स्लीमनाबाद कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।उनकी नियुक्ति होने पर पार्टी कार्यकताओं ने बधाई दी। वही बहोरीबंद ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, रीठी ब्लॉक अध्यक्ष नदीम खान ओर बिलहरी उप ब्लॉक अध्यक्ष की जवाबदेही चिंतामन तिवारी को दी गई है।

## जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में

# अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न

**तहसील अधिवक्ता संघ पाली के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बीते दिवस जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश माननीय प्रियदर्शन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई**





बिरसिंहपुर पाली

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय दीपक अग्रवाल चीफ ज्यूडिशियल न्यायाधीश , जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से माननीय न्यायाधीश मोहन डाबर वरिष्ठ खंड न्यायाधीश श्रीमती पूजा गोले कनिष्ठ खंड एवं गोपाल नंदन पाल की गौरव मयी उपस्थित में संपन्न हुई। इस अवसर पर स्टेट वार कौंसिल के सदस्य विव्दान अधिवक्ता दिनेश नारायण पाठक, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह की उपस्थिति सराहनीय रही। शपथग्रहण समारोह में सर्व प्रथम जगत जननी विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माननीय अतिथि जनों के व्दारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात माननीय अतिथि गणों का अभिनंदन माल्यार्पण से किया गया। तहसील अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजेश त्रिपाठी , सचिव अमर सिंह, सह सचिव बंसत तिवारी, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पुस्तकालय प्रभारी श्री मती आरती सराफ के साथ कार्यकारणी के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।समारोह के अगले चरण में स्वागत भाषण वरिष्ठ अधिवक्ता सरयू प्रसाद खंडेलवाल के व्दारा माननीय अतिथियो का पाली के नगरी में शपथ ग्रहण समारोह में पधारने में स्वागत करते हुए सबका अभिनंदन किया। वही पर तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का अभिनंदन करते हुए पाली न्यायालय भवन की कमी को प्रमुखता से रखते हुए कहा की न्यायालय भवन की कमी के कारण यह अत्यंत सीमित स्थान पर संचालित हो रही है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने शपथग्रहण समारोह में अपने उदबोधन में कहा की वर्तमान में न्यायालयों के काम काज पर उच्चतम न्यायालय की सीधी निगरानी रहती है, इसलिए न्यायालय के पारित आदेशों पर शीर्ष अदालतें बराबर नजर रखती है और अधिवक्ताओं को न्यायालय में प्रवेश के पूर्व न्याय सिंधांतो का ज्ञान एवं परिपक्वता के साथ अपनी बात रखें। न्यायालय भवन के लिए बजट आवंटित कराने के लिए न्यायालीन परिधि से बाहर जाकर राज्य शासन के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का साथ लेकर न्यायालय भवन के लिए बजट आंदोलन कराने का काम किया जाये तो ज्यादा बेहतर होगा। समारोह में उपस्थित माननीय चीफ ज्यूडिशियल न्यायाधीश दीपक अग्रवाल जी ने अत्यंत सारगर्भित शब्दों में कहा की मैं भी इसके पहले अधिवक्ता के रूप में कार्य किया है जिससे न्यायालय, न्यायाधीश और अधिवक्ताओं के मर्म को बारीकी से समझता हूँ। पाली न्यायालय में खुद का भवन भी नहीं है, उसकी पीड़ा से सभी गुजर रहें हैं। स्टेट बार कौंसिल के सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश नारायण पाठक ने कहा की आज शपथग्रहण कर रहे तहसील अधिवक्ता संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों से आग्रह किया की संघ की एक मर्यादा होती है और आप उसके अनुरूप काम करते हुए अपने कार्य काल को बेहतर बनाने का काम करेंगे। पूरे स्टेट में अधिवक्ताओं की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। न्यायालय का परिवेश सुन्दर, स्वच्छ और मनोनुकूल होने से कार्य की अनुकूलता बनती है। न्यायालय भवन की कमी पर आपने कहा की वर्तमान में राज्य सरकार छोटे न्यायालयों के लिए बजट उपलब्ध कराने में ध्यान नही दे रही है, सरकार का सारा बजट बड़ी न्यायालयों में व्यय हो रहा है, हमें राज्य शासन के प्रतिनिधियों के माध्यम से पाली न्यायालय भवन के बजट दिलाने के लिए प्रयास करना चाहिए। तहसील अधिवक्ता संघ पाली के चुनाव अधिकारी तमीम खान ने चुनाव संबंधित जानकारी प्रस्तुत करते हुए बतलाया की अधिवक्ता संघ के चुनाव में नोटा का प्रावधान नहीं था, फिर भी एक मत नोटा में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही पाली न्यायालय भवन के सन्दर्भ में बताया की चुनाव के दरम्यान पत्राचार करने पर राज्य शासन व्दारा आगामी बजट में शामिल किये जाने का पत्र प्राप्त हुआ है। जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा जी ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में बताया कि निर्वाचित प्रतिनिधियों का दायित्व अन्यों की अपेक्षा और ज्यादा बढ जाती है। वर्तमान में तकनीक युग में तकनीक के साथ चले, वरना हम पीछे छुट जायेगे। तहसील अधिवक्ता संघ का दायित्व जो काम दिखते है उन्हें पूरा करने के साथ ही जो नहीं दिखते उनको भी पूरा करने की होती है। न्यायालय में अधिवक्ता पूर्ण जानकारी और परिपक्वता के साथ काम करें तो ज्यादा बेहतर होगा। न्यायालय भवन के अन्यंत्र संचालित किये जाने के मामले में आपने कहा की यह एक जटिल प्रक्रिया है जो पूरी नहीं हो सकती।कार्यक्रम का कुशल संचालन विव्दान अधिवक्ता सुशांत सक्सेना के व्दारा किया गया। आपने कुशल संचालन करते हुए पाली न्यायालय के सन्दर्भ के काम काज और प्रासंगिक बिषयो पर भी अपनी बेबाक बात रखी।शपथग्रहण समारोह में पाली नगर के पूर्व नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रकाश पालीवाल, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला योजना विकास सलाह कार सदस्य सरजू प्रसाद अग्रवाल, नगर पालिका पाली के नेता प्रतिपक्ष संजीव खण्डेलवाल, पूर्व पार्षद कालिका सिंह उर्फ बहादुर भैया,श्रवण पाण्डेय , प्रीतम पाठक, प्रमोद उपाध्याय, राज कुमार अग्रवाल के साथ गणमान्य नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लिया ।

# सात वाहनों का चालान कर 21 सौ वसूले

## 19 वाहनों चालकों को ग्रुप व्हाट्अप में जोड़ा

बुढ़ार।

पुलिस के द्वारा निरंतर दो पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकरिया हाइवे तिराहे पर वाहनों की जांच पड़ताल करते हुए 7 दो पहिया वाहन चालकों के द्वारा हेलमेट उपयोग नहीं करने और यातायात नियम का उलंघन करने पर 21 सौ रुपए का जुर्माना किया गया है।थाना प्रभारी विनय सिंह गहरवार ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत वाहनों की जांच पड़ताल निरंतर की जा रही है और यातायात नियमों का पालन करने वाहन चालकों समझाइश दी जा रही है कि आपका जीवन है अनमोल वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग करें जिससे आपका जीवन सुरक्षित रहे। चालानी कार्रवाई में एएसआई राजेन्द्र तिवारी, रविदास संत एवं थाने का बल की सराहनीय भूमिका रही।



# मां शारदा ट्रेडर्स में 'GST' की कार्यवाही

## लम्बे समय से हो रही थी चोरी

बुढ़ार।

स्थित नगर में जीएसटी की कार्यवाही जारी है जानकारों की माने तो गुटखा-पान मसाला के थोक एवं फुटकर व्यापारी मा शारदा ट्रेडर्स दुकान में जबलपुर जीएसटी विभागीय टीम ने अचानक पहुंचकर प्रतिष्ठान के बिल-बुक, खरीद-बिक्री रजिस्टर, ई-वे बिल और स्टॉक की गहन जांच की। प्रारंभिक जांच में कर अपवंचन, बिना बिल बिक्री और इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) में अनियमितता के संकेत मिले हैं। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान कई अहम दस्तावेज जब्त किए गए हैं, वहीं स्टॉक और कागजी रिकॉर्ड में अंतर पाया गया। टीम ने कारोबारी से संबंधित डिजिटल डेटा भी खंगाला। जीएसटी अधिकारियों से कार्यवाही स्पष्ट पूंछे जाने विभाग की टीम मुंह छुपाते नजर आई और किसी प्रकार की जानकारी न देने की बात कही हालाकि उन्होंने जांच पूरा होने के बाद कार्यवाही का संक्षिप्त जानकारी देने की बात को स्वीकार किया है किंतु समझ से परे ये है कि विभाग ऐसी कौन सी गोपनीय कार्यवाही कर रही है जिसे मीडिया से बताने में गुरेज किया जा रहा है और मीडिया के कैमरे से दूर रखा गया है।सूत्रों ने बताया कि व्यवसायी व अधिकारियों के बीच मैनजेमेंट की कानाफूसी जारी है अब देखना होगा कि विभाग सम्बंधित व्यापारी पर क्या कार्यवाही करता है।






# राज्य सूचना को आयुक्त साठ दिन के अंदर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

भूपेंद्र सिंह बघेल द्वारा 30/052024 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा (पीएचई) कार्यालय अनुपपुर में ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत विभाग द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी मांगी गई थी, विभाग द्वारा आवेदक को अपूर्ण और, भ्रामक जानकारी प्रदान किए जाने पर 01/07/2024 को प्रथम अपीलीय लोक सूचना अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था, इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। 05/07/2024 को आवेदक ने पुनः स्मरण पत्र दिया, जब विभाग द्वारा आवेदक को जानकारी प्रदान नहीं की गई तो 06/08/2025 को राज्य सूचना आयोग के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी, जिसपर कोई कार्यवाही नहीं होने पर आवेदक ने उच्च न्यायालय जबलपुर में अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे के माध्यम से रिट याचिका दायर की, जिसका निराकरण करते हुए उच्च न्यायालय ने आयुक्त राज्य सूचना आयोग को साठ दिन के अंदर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राही तक पहुंचाना सुशासन शिविर का मुख्य उद्देश्य

# वेंकटनगर में सुशासन सप्ताह अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

**शिविर में मिले लगभग 506 आवेदनों 222 आवेदनों का तत्काल हुआ निराकरण**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



17 दिसंबर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा है कि सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों का उद्देश्य प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की जनहित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और गंभीरता से समाधान किया जाता है, जिससे शासन की योजनाओं की पहुँच सीधे जनता तक हो। जिला प्रशासन द्वारा हितग्राहियों की पहचान कर उनके गाँवों का भ्रमण कर आवश्यक मदद प्रदान की जा रही है। कमिश्नर ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ उठाएँ और अपने समस्याओं का समाधान कराएँ। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता आज अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत वेंकटनगर में आयोजित सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित शिविर को संबोधित कर रही थी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित शिविर का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर में बैठे पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जा रहा है, तथा जिन समस्याओं का निराकरण त्वरित संभव है, उन्हें तुरंत हल किया जा रहा है। वहीं, ऐसे प्रकरण जिनका तत्काल समाधान संभव नहीं है, उन्हें नियत समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि कि सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित प्रशासन गांव की ओर शिविरों का मुख्य उद्देश्य यही है कि वह ग्रामीण जो सीधे जिला प्रशासन तक नहीं पहुँच सकते, उनके लिए जिला प्रशासन स्वयं सुलभ और उपलब्ध हो। इस पहल से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ आसानी से मिलने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी सात दिवस ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों तक पेंशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, व्यक्तिगत शौचालय सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं का सर्वेक्षण किया जाए और अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएँ। साथ ही, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएँ सीधे लाभार्थियों तक पहुँच सकें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर के दौरान कुल 506 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 222 आवेदनों का तत्क्षण निराकरण किया गया। शेष 284 आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# संकुल प्राचार्य ने लखाखेरा और झिंझरी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज बड़वारा

दिनांक 09/12/2025 को भीम आर्मी उपाध्यक्ष जय सूर्यवंशी ने शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा था कि शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। सोशल मीडिया में वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि छात्र-छात्राएं दरी धुलते नजर आ रहे हैं। और भी कई तरह की शिकायत की गई है । बच्चों से विद्यालय में झाड़ू लगवाई जाती है। छात्र-छात्राओं से थाली धुलाई जाती है। यदि यही सब काम बच्चे करेंगे तो पढ़ाई कब करेंगे। विद्यालय में गंदगी भी बनी रहती है। स्वच्छ साफ शौचालय नहीं है। शौचालय में पानी नहीं आता है जिस कारण विद्यार्थी विवश होकर खुले में शौच करने को मजबूर हैं। नन्हे मुन्ने बच्चों को खुले में शौच करने को मजबूर कर रही है। गेट में तारों का जाल फैला हुआ है। इससे अनहोनी घटना होने की संभावना बनी रहती है। नन्हे बच्चों का भविष्य अंधकार में डाला जा रहा है। विषय को संज्ञान में लेते हुए। संकुल प्राचार्य बड़वारा चंदन सिंह ने शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा प्रभारी प्रधानाध्यापक को नोटिक भेजा और शिकायत के संबंध में स्पष्टीकरण के लिए कहा।

संकुल प्राचार्य बड़वारा ने शासकीय माध्यमिक शाला लखाखेरा प्रभारी प्रधानाध्यापक से 3 दिन के अंदर संकुल में समक्ष उपस्थित होकर सभी बिंदुवार स्पष्टीकरण मांगा । यदि समय सीमा पर जवाब प्रस्तुत नहीं करने या समाधान पूर्वक जवाब प्रस्तुत नहीं होने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी होगी. झिंझरी माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक को भी जारी की गई नोटिस भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष जयचंद सूर्यवंशी व कार्यकर्ताओं की शिकायत पर शासकीय माध्यमिक शाला झिंझरी स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक को कार्य व दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही करने व छात्रों के शैक्षणिक कार्यों में उदासीनता बरतने विषयक भीम आर्मी द्वारा लिखित शिकायत करने पर बड़वारा संकुल प्राचार्य चंदन सिंह द्वारा पत्र देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है जबाब न देने पर एकपक्षीय कार्यवाही का लेख है।

# सांसद व्हीडी शर्मा ने लोकसभा में उठाई रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज कटनी

खजुराहो संसदीय क्षेत्र के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से महत्वपूर्ण प्रश्न किया। सांसद शर्मा ने कटनी जंक्शन, स्लीमनाबाद, रीठी सहित संसदीय क्षेत्र के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यात्री ट्रेनों के ठहराव की मांग उठाई। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान सांसद श्री शर्मा ने जिन ट्रेनों के कटनी स्टेशन में स्टॉपेज की मांग की गई उनमें गाड़ी क्रमांक 11059-छपरा एक्सप्रेस, 22360-पटना सुपरफास्ट, 11015-सहरसा अमृत भारत, 12293-प्रयागराज एस्क्प्रेस, 11060-मुंबई एल.टी.टी. एक्सप्रेस, 22359- मुंबई सी.एस.एम.टी. एक्सप्रेस 11016- मुंबई एल.टी.टी. अमृत भारत एक्सप्रेस 12294- मुंबई एल.टी.टी. ए.सी. एक्सप्रेस शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### भागवत सप्ताह के अंतिम दिवस वेदांती महाराज ने सुदामा चरित्र पर डाला प्रकाश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** श्री राम वल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या के पीठाधीश्वर, प्रतिष्ठित संत श्रीरामदास वेदांती महाराज ने वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार शुक्ला बन्धुओ के निज निवास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन सुदामा चरित्र पर गहरा प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "सुदामा जी केवल गरीबी में नहीं, बल्कि विनम्रता और अटूट भक्ति में भी हमारे आदर्श हैं। उनका छोटा चावल का उपहार, भगवानकृष्ण को अनमोल लगा, क्योंकि उसमें निष्कलंक प्रेम ही था"। महाराज ने आगे बताया कि सुदामा की पत्नी के बारबार आग्रह पर ही वह द्वारका पहुंचे, और जब द्वारपालों ने उनका परिचय दिया तो भगवानकृष्ण नंगे पैर दौड़ते हुए आए और अपने सखा को गले लगा लिया। इस मिलन ने श्रोताओं को यह सिखाया कि सच्ची मित्रता धनसंपत्ति से नहीं, बल्कि हृदय की शुद्धता से बनती है। कथा के समापन पर वेदांती महाराज ने सुदामा के जीवन को "भक्ति, करुणा और सखाभाव का सर्वोच्च उदाहरण" कहा और सभी को आग्रह किया कि वे भी इस भावना को अपने जीवन में अपनाएँ। कार्यक्रम में स्थानीय धर्म प्रेमी स्वजन, महिलाएं, भक्तों उपस्थित रहे। अंत में भजनकीर्तन मंगल आरती के साथ कथा का समापन हुआ। संत श्री रामदास वेदांती महाराज के उदगार ने सुदामा के चरित्र को नई रोशनी में प्रस्तुत किया, जिससे श्रोताओं के मन में भक्ति और मित्रता की गहरी भावना जाग्रत हुई। शुक्ला बन्धुओ के निज निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन आज पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा।

### पांच तालाबों में जल संवर्धन व पक्की नहर की मांग

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** लखनपुर डायवर्सन अन्तर्गत पक्की नहर के माध्यम से शासकीय दुलहा सरोवर (जलभराव क्षेत्र लगभग 33.13 एकड़) एवं पाईप लाईन के माध्यम से पाँच तालाब शासकीय रजहा सरोवर (जल भराव क्षेत्र लगभग 11 एकड़), देवान, धोलिया, बोकरा, सोंहारी में जल संग्रहण कराए जाने हेतु पूर्व में 08-05-2025 को कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पूर्व मंत्री बिसाहू लाल सिंह वर्तमान विधायक अनूपपुर द्वारा प्रस्तावित एवं ग्राम पंचायत सरपंच लखनपुर, पिपरिया, दुलहरा एवं नगरपालिका परिषद के वार्ड क्र. 14,15,10 के आम नागरिक एवं वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवियों द्वारा जिला प्रशासन के माध्यम से लखनपुर डायवर्सन अन्तर्गत पक्की नहर के माध्यम से दुलहा सरोवर एवं पाईप लाईन के माध्यम से पाँच तालाब रजहा, देवान, धोलिया, बोकरा व सोंहारी जलसंरचनाओं को जल समृद्ध करने हेतु बहुउददेश्यी परियोजनाओं के साकार कराने हेतु प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन को 17/06/2025 को ज्ञापन सौंपा गया था। रजहा धाम श्री हनुमंत जन सेवा समिति के मार्गदर्शक एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामखेलावन राठौर समिति सचिव लालदास राठौर, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्षा पार्वती राठौर, समाज सेवी रजन राठौर, पं. आनंदराम गौतम, जलदूत एवं पर्यावरण प्रेमी लखन लाल रैकवार, प्रियम गौतम, वार्ड नं. 10 के पार्षद श्रीमती मुन्नी बाई कोल के द्वारा समिति के पत्र 18.12.2025 से कलेक्टर को प्रेषित पत्र के माध्यम से खनिज प्रतिष्ठा मद से लखनपुर डायवर्सन अन्तर्गत पक्की नहर के माध्यम से दुलहा सरोवर एवं पाईप लाईन के माध्यम से पाँच तालाब में जल संवर्धन से जिला मुख्यालय के आस-पास लगभग 15 कि.मी. एरिया में जलस्तर की वृद्धि होगी साथ ही सिंचाई से लगभग 30 ग्रामों के जनसमुदाय को सिंचाई, मत्स्य पालन एवं जलीय खेती से रोजगार मिलने की अपार संभावना होने के कारण अतिशीघ्र पास करने की मांग की है।

## 'चेकर राज' के वीडियो, मीडिया खुलासे और कागजी निरीक्षण बेअसर

# अवैध लेन-देन पर आंकी जा रही धान की 'क्वालिटी'

### किसानों से खुली लूट जारी, अन्नदाता की बेबसी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर जिले में धान उपार्जन व्यवस्था किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि शोषण और वसूली का तंत्र बनती जा रही है कोतमा और पुष्पराजगढ़ अंचल सहित कई खरीदी केंद्रों पर हालात इतने बदतर हैं कि 500 से 1000 रुपये की अवैध राशि दिए बिना धान पास नहीं किया जा रहा पैसे नहीं देने पर धान रिजेक्ट करने, गुणवत्ता के नाम पर परेशान करने और डराने-धमकाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, बावजूद इसके प्रशासन की निष्क्रियता किसानों की पीड़ा बढ़ा रही है। क्षेत्र के कोतमा सेवा सहकारी समिति मर्या. छिल्पा, भालमुड़ी, कोठी बिजुरी, अनूपपुर, बेनीबारी, भेजरी, दुलहरा, राजेंद्रग्राम, जैतहरी और पुष्पराजगढ़ अंचल के कई केंद्रों में चेकरों की मनमानी चरम पर है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा पल्लेदारी, सिलाई और परिवहन शुल्क पहले से तय होने के बावजूद उनसे खुलेआम अवैध वसूली की जा रही है कई जगहों पर साफ कहा जा रहा है।

### पैसे दो तभी धान होगा पास

दुलहरा खरीदी केंद्र की स्थिति और भी खराब बताई जा रही है, जहां किसानों को खुद तौल और सिलाई करने को मजबूर किया जा रहा है। 40 किलो के मानक के बजाय 41 किलो धान लिया जा रहा, जिससे प्रति बोरा किसानों को सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि किसानों की मेहनत पर सीधा डाका है। इस पूरे खेल से जुड़े वीडियो पहले ही सोशल मीडिया और मीडिया में प्रकाशित व वायरल हो चुके हैं, लेकिन न तो प्रभावी छापेमारी हुई और न ही किसी चेकर या प्रबंधक पर





कार्रवाई किसान सवाल कर रहे हैं कि जब सब कुछ सार्वजनिक है, तो कार्रवाई क्यों नहीं। जिला संवाददाता द्वारा भालमुड़ी, सेमरा, बिजुरी, दुलहरा, जैतहरी, फुनगा, मलगा, ठोडहा, करौंदी, पुष्पराजगढ़, खोड़री, लेधरा, बभनी, बाकेली, ताली, अनूपपुर, बेनीबारी, भेजरी, बिलासपुर, रेऊला, परासी, गौरेला, छीत अपटपर सहित अनेक केंद्रों का भ्रमण किया गया लगभग हर जगह एक जैसी शिकायतें सामने आईं।

### वसूली, डर और नियमों की खुलेआम धज्जियां

सबसे गंभीर सवाल यह है कि उच्च अधिकारियों के निरीक्षण आखिर कहां हैं। किसानों का आरोप है कि निरीक्षण केवल कागजों में सीमित हैं, जमीनी हकीकत देखने कोई नहीं पहुंच रहा नतीजा यह कि 'चेकर राज' बेखौफ होकर किसानों को लूट रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन और सामूहिक शिकायत का रास्ता अपनाएंगे मांग स्पष्ट हैकृदोषी चेकरों और प्रबंधकों पर एफआईआर दर्ज हो, खरीदी व्यवस्था पारदर्शी बने और किसानों का उत्पीड़न तत्काल रोका जाए। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी अनीता सोरते से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ प्रशासनिक चुप्पी से किसानों में आक्रोश और गहराता जा रहा है।

### अब तक हुई 384974.6 क्विंटल धान की खरीदी

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 34 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में पंजीकृत किसानों से 20 जनवरी तक धान का उपार्जन किया जाएगा। जिले में अब तक 7599 किसानों से 384974.6 क्विंटल धान की खरीदी की गयी है। खरीदी के लिए अब तक 15715 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं।

## शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

### हाईवे व टूरिस्ट कॉरिडोर की दिशा में कार्य करने की मांग

**शहडोल।** संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की सड़क संपर्कता मजबूत करने वाले महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की। इस भेंट में सांसद ने उमरिया-शहडोल हाईवे के शीघ्र निर्माण, पर्यटन विकास के लिए टूरिस्ट कॉरिडोर का विस्तार तथा रिंग रोड परियोजनाओं को गति देने का आग्रह किया। सांसद श्रीमती सिंह ने पहले उमरिया-शहडोल हाईवे के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की। जो क्षेत्र के व्यापारियों, किसानों और आमजन के लिए जीवनरेखा साबित होगा। उन्होंने बताया कि अधर में लटका यह प्रोजेक्ट पूरा होने से शहडोल और उमरिया के बीच यात्रा समय में भारी कमी आएगी। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद ने पेंच-कान्हा-बांधवगढ़ तक प्रस्तावित टूरिस्ट कॉरिडोर को मैहर से होकर पन्ना नेशनल पार्क तक विस्तारित करने का सुझाव दिया। मध्य प्रदेश के इन प्रसिद्ध वन्यजीव अभयारण्यों को जोड़ने वाला यह कॉरिडोर पर्यटकों के लिए आदर्श होगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि इससे न केवल पर्यटन उद्योग को पंख लगेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगी। इसके अलावा, बांधवगढ़ से बरही तक एलिवेटेड हाईवे के निर्माण तथा अनूपपुर और शहडोल शहरों के चारों ओर रिंग रोड बनाने की भी मांग की। एलिवेटेड हाईवे से जंगली इलाकों में सुरक्षित यात्रा संभव होगी, जबकि रिंग रोड शहरों में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाएंगे। सांसद ने इन परियोजनाओं को मंजूरी देकर क्षेत्रीय विकास को नई दिशा देने की अपील की। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सांसद के मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन प्रस्तावों पर शीघ्र विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सड़क बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है और मध्य प्रदेश के इन महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को गति प्रदान की जाएगी। सांसद श्रीमती सिंह ने भेंट के बाद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा करते हुए क्षेत्रवासियों से कहा कि निरंतर प्रयासों से विकास की रफ्तार तेज होगी। ये परियोजनाएं पूरी होने पर शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे। पर्यटन कॉरिडोर से लाखों पर्यटक आकर्षित होंगे।



## शिक्षा के मंदिर से ज्यादा घोटालों की प्रयोगशाला बनते जा रहा तुलसी महाविद्यालय

# वॉटर प्रूफिंग घोटाले के साथ उजागर हुई घोटालों की पूरी श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शासकीय तुलसी महाविद्यालय, जिसे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा गया है, आज शिक्षा के मंदिर से ज़्यादा घोटालों की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। महाविद्यालय का प्राचार्य अब सिर्फ एक अधिकारी नहीं, बल्कि सरकारी धन के घोटालेबाज बन चुके हैं।

### बिना ज़रूरत रचा गया वॉटर प्रूफिंग घोटाला

करीब 2-3 साल पुरानी नई बिल्डिंग, जिसमें न छत टपक रही थी, न कोई तकनीकी शिकायत थी फिर भी जबरन वॉटरप्रूफिंग करा दी गई। छात्रों ने साफ कहा "बरसात में कभी छत से पानी नहीं टपका।" तो फिर सवाल उठता है जब बीमारी थी ही नहीं, तो इलाज क्यों? जवाब साफ है भुगतान निकालने के लिए। छत के ऊपर एक कमरा, एक कॉलम, ईंटों की दिवाल खड़ा कर ढलाई इंजीनियरिंग नहीं, लूट की पटकथा है। सेटरिंग भी नहीं निकली और ऊपर से नाम की वॉटरप्रूफिंग चढ़ा दी गई। वॉटरप्रूफिंग के नाम पर- सिर्फ रोल-कॉल / सील की पुताई, कोई केमिकल ट्रीटमेंट नहीं, कोई मेम्ब्रेन सिस्टम नहीं। यह पहला घोटाला नही बल्कि प्राचार्य की "घोटाला डायरी" पहले से भरी पड़ी है।




### घोटालों की लंबी फेहरिस्त

कुछ समय पूर्व महाविद्यालय से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें दो व्यक्ति लकड़ी लेकर महाविद्यालय परिसर के बाहर खड़े दिखाई दिए। जब उनसे लकड़ी के संबंध में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि यह लकड़ी उन्होंने प्राचार्य की अनुमति से खरीदी है और उसी के अनुसार इसे बाहर ले जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी या बातचीत सीधे प्राचार्य से की जाए वही बिना ज़रूरत बार-बार पुताई गुणवत्ता शून्य और भुगतान पूरा कराकर सरकारी धन ठिकाने लगाया गया।

इसी तरह स्टील गेट के निर्माण मनमाने रेट और नियमों को ताक पर रखकर भुगतान का आरोप पहले से ही चर्चा में रहा है। हर काम में वही चेहरा, वही टीम, वही तरीका। महाविद्यालय में अब स्थिति यह है कि कोई भी निर्माण या क्रय कार्य हो वही प्राचार्य वही चुनिंदा साथी वही फाइल और वही बंदरबांट। आलम यह है कि महाविद्यालय शायद ही कोई महीना ऐसा हो जब किसी न किसी विवाद में न फंसा हो। महाविद्यालय की बस में न तो सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, न ही सेफ्टी बॉक्स रखा गया है और न ही कोई कंडक्टर नियुक्त है। बस का पिछला दरवाजा भी खराब है, जो खुलता नहीं है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को गंभीर खतरा बना रहता है। इसके बावजूद छोटी बस चलाई जा रही है, जबकि भुगतान पूर्ण बस का किया जा रहा है। बस का संचालन नियमानुसार नहीं हो रहा है और यह भी स्पष्ट नहीं है कि बस प्रभारी कौन है, जो सीधे तौर पर लापरवाही और घोटाले की ओर इशारा करता है।

### छात्रों की मांग

अब छात्र, अभिभावक और जागरूक नागरिक मांग कर रहे हैं कि सभी निर्माण व क्रय कार्यों की उच्च स्तरीय जांच हो, पिछले वर्षों के कार्यों का ऑडिट हो, दोषियों पर विभागीय व आपराधिक कार्रवाई हो और सरकारी धन की एक-एक रुपये की रिकवरी होनी चाहिये।

# गुरूजी के 'अस्मिता' से खिलवाड़ से भरी ठण्डी में मैकलांचल में उबाल

### एफआईआर न होने पर आदिवासी छात्र संगठन का प्रदर्शन, प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में छात्रा से कथित दुर्व्यवहार का मामला लगातार तूल पकड़ते जा रहा है। आरोपित प्रोफेसर डॉ. नयन साहू पर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने से नाराज आदिवासी छात्र संगठन ने एसडीओपी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोपी प्रोफेसर का पुतला दहन किया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। प्रदर्शन के दौरान आदिवासी छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मरावी ने साफ शब्दों में कहा कि यदि जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो यह आंदोलन केवल अनूपपुर तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि आदिवासी छात्र संगठन पूरे प्रदेश के जिलों में इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगा। मरावी ने कहा कि छात्रा को न्याय दिलाना संगठन की प्राथमिकता है और किसी भी कीमत पर आरोपी को बचने नहीं दिया जाएगा। छात्रों का कहना है कि शिकायत, बयान और विश्वविद्यालय में हुए आंदोलन के बावजूद थ्प्त दर्ज न होना बेहद गंभीर मामला है।

प्रदर्शन के दौरान "पुलिस प्रशासन होश में आओ", "आरोपी को बर्खास्त करो" और "छात्रा को न्याय दो" जैसे नारे लगाए गए। आदिवासी छात्र संगठन ने एसडीएम पुष्पराजगढ़ के नाम राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर होम साइंस विभाग की पांचवें सेमेस्टर की छात्रा के साथ उत्तर-पुस्तिका अवलोकन के दौरान हुए अनुचित व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई थी। संगठन ने इसे छात्र-शिक्षक मर्यादा और शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन बताया है। ज्ञापन में आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, बर्खास्तगी, निष्पक्ष जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की मांग की गई है।

### विश्वविद्यालय ने कहा-पारदर्शी ढंग से की जा रही कार्यवाही

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ रजनीश त्रिपाठ ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक डॉ. नयन साहू के संबंध में छात्रा द्वारा प्रस्तुत शिकायत के संदर्भ प्रकरण के तथ्यों एवं उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करते हुए अपनी प्रारंभिक कार्यवाही तत्काल प्रस्तावित की गई एवं समस्त तथ्यों के परीक्षण उपरांत, प्रकरण में प्रचलित नियमों एवं विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक एवं उपयुक्त कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यह विश्वास कराया जाता है कि संपूर्ण प्रक्रिया विधिसम्मत, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपादित की जा रही है।

### इनका कहना है

हमारे वरिष्ठ अधिकारी विश्वविद्यालय में ही हैं। इस मामले की जांच की जा रही है, सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

**पीसी कोल**
**थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम**

# ठंड में बच्चे, वृद्ध और बीमारों को विशेष सतर्कता की जरूरत

## शीत ऋतु में होने वाली परेशानियों से बचने एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



शीत ऋतु में बढ़ती शीतलहर एवं ठंडी हवाओं के कारण आमजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों से बचाव और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी दी गई है। एडवाइजरी में बताया गया है कि शीतलहर का प्रकोप प्रायः माह दिसम्बर व जनवरी में प्रतिवेदित होती है। ऐसी स्थिति में संवेदनशील समूह विशेषकर 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन, 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे, दीर्घकालिक हृदय अथवा श्वसन रोगी से पीडित व्यक्ति, बेघर व्यक्ति, निर्माण स्थल व खुली जगहों पर कार्य करने वाले श्रमिक, सडक पर रहने वाले लोग, खुले क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों द्वारा शीतलहर के दौरान विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। शीतलहर एक मौसम संबंधी घटना है जिसमें सतह के पास हवा के तापमान में तेज गिरावट आती है। जिसमें तापमान बेहद कम हो जाता है। वायु दाब एवं हवा की गति में तेज वृद्धि होती है तथा जो पाला अथवा बर्फ जमने जैसी मौसमी घटनायें जुडी होती है। प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप प्रायः माह दिसम्बर-जनवरी में परिलक्षित होता है।

### शीतलहर के लक्षण और नुकसान

शीतलहर का स्वास्थ्य के प्रभाव होने पर अत्यधिक ठंड से समुचित बचाव न करने पर हाइपोथर्मिया, फ्रॉस्टबाइट, ट्रेंच फुट, चिलब्लेन जैसी ठंड से होने वाली चोट होना अथवा परिस्थिति में मृत्यु की भी संभावना होती है। लंबे समय तक ठंडे तापमान के संपर्क में रहने पर शारीरिक गर्मी संग्रहित ऊर्जा में कमी होती है, जिससे शारीरिक तापमान और भी कम हो जाता है। हाइपोथर्मिया होना चिकित्सकीय आपात स्थिति है जिसमें हाइपोथर्मिया से पीडित व्यक्ति को किसी गरम कमरे अथवा आश्रय में ले जायें और कपडे बदले, गीले कपडे उतार दें। तत्काल पीडित व्यक्ति को सूखे कंबल, कपडा, तौलिया, चादर आदि के सूखे परतों में लपेटें, शारीरिक तापमान में वृद्धि हेतु गरम पेय पदार्थ दें, परन्तु मादक पेय का सेवन न कराये। शारीरिक तापमान बढने के पश्चात पीडित व्यक्ति को सूखा रखें एवं उसके शरीर, सिर तथा गर्दन को गर्म कंबल में लपेटे। पीडित व्यक्ति को चिकित्सकीय देखभाल हेतु निकटतम अस्पताल में ले जायें। गंभीर हाइपोथर्मिया से पीडित व्यक्ति बेहोश हो सकता है जिससे उसकी नाड़ियां सांस की गति धीमी हो जाती है ऐसी स्थिति में तत्काल आपाताकालीन सहायता प्राप्त की जाये। लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से त्वचा पीली, सख्त, सुन्न पड सकती है तथा शरीर के खुले हिस्सों जैसे उंगलियों, पैर के पंजे, नाक अथवा कानों पर काले छाले पड सकते हैं जो फ्रॉस्टबाइट के लक्षण है।

### शीतलहर से बचने के लिए क्या करें

शीतलहर से पहले सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें। शीतलहर के दौरान जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजर अंदाज न करें, यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।